दैनिक

# जयवर्द्धन

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

पेज 4 पर पढ़े - नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैयाल की...



वर्ष - 01 | अंक - 44 | राजसमंद - शनिवार, 05 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

## भोले-भाले लोगों को बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड बदलने और पीन चोरी कर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 2 शातिर बदमाश गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** भोले-भाले लोगों को अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड बदलने और पिन नंबर चोरी कर खातों से राशि उड़ाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का राजनगर थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी दो शातिर बदमाशों आफताब (29) पुत्र साबिर खान एवं अमीरुद्दीन (27) पुत्र इमामुद्दीन दोनों निवासी चिरचिटा उर्फ चिट्टा, थाना सलेमपुर, जिला बुलंदशहर, यूपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है, जिससे गिरोह द्वारा अंजाम दी गई अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। पुलिस ने बताया कि परिवादिनी सरिता शर्मा निवासी जड़ाओं की भागल, कड़िया हाल जलचक्की कांकरोली ने राजनगर थाने में रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 1 जनवरी 2024 की शाम सब्जी मार्केट, राजनगर स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम से रुपये निकालकर बाहर आते समय वहां मौजूद बदमाशों ने उन्हें झांसे में लिया। आरोपियों ने अंतिम ट्रांजैक्शन बंद न होने की बात कहकर पीड़िता को वापस एटीएम बूथ में भेजा। उस समय मशीन हैंग हो चुकी थी। मदद का नाटक करते हुए आरोपी ने पीड़िता का एटीएम पिन देख लिया और बड़ी चालाकी से उनका असली एटीएम कार्ड बदलकर हूबहू दिखने वाला दूसरा कार्ड थमा दिया। पीड़िता के घर पहुंचते ही उनके खाते से करीब 78 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। रिपोर्ट पर राजनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।



अंतरराज्यीय गिरोह के दोनों शातिर आरोपियों किया गिरफ्तार

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक (उदयपुर रेंज) गौरव श्रीवास्तव के निर्देशों पर एसपी हेमंत कलाल, एएसपी महेंद्र पारीक एवं वृत्ताधिकारी नेत्रपाल सिंह के मार्गदर्शन में थानाधिकारी ओंकार सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में सहायक उप निरीक्षक जगदीश चंद्र, हेड कांस्टेबल राजेश, कांस्टेबल अशोक कुमार, मांगीलाल, जगदीश, रामविलास और अमित कुमार शामिल थे। गठित टीम ने तकनीकी और आसूचना आधारित अनुसंधान करते हुए वारदात में शामिल अंतरराज्यीय गिरोह के दोनों शातिर आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर, नोएडा, गुरुग्राम सहित देश के विभिन्न राज्यों के छोटे शहरों और कस्बों में एटीएम बूथों की रेकी करता था। गिरोह के सदस्य एटीएम से रुपये निकालने आने वाले भोले-भाले लोगों, विशेषकर बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों को अपना निशाना बनाते थे। मदद का नाटक कर बातों में उलझाकर ये आरोपी पीड़ित का एटीएम पिन देख लेते थे और बड़ी सफाई से असली कार्ड बदलकर नकली कार्ड थमा देते थे।

वारदात से 100 किलोमीटर दूर किराए पर ठहरते थे आरोपी

आरोपी असली कार्ड और चुराए गए पिन की मदद से दूसरी जगह जाकर एटीएम या पॉस मशीन से खाते से राशि उड़ा लेते थे। आरोपी वारदात वाले स्थान से करीब 100 किलोमीटर दूर किसी होटल में कमरा किराए पर लेकर ठहरते थे और वारदात को अंजाम देने के तुरंत बाद उस क्षेत्र को छोड़ देते थे ताकि पुलिस की पकड़ से बच सकें। घटना के बाद जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि एटीएम बूथ पर किसी भी अज्ञात व्यक्ति की बातों या झांसे में न आएं। अपना एटीएम कार्ड किसी अन्य व्यक्ति को न थमाएं तथा पिन दर्ज करते समय की-पैड को हाथ से ढंककर रखें। एटीएम मशीन में समस्या होने पर केवल बैंक के अधिकृत कर्मचारी या आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर से ही सहायता लें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।

## राजस्थान पुलिस का तकनीकी नवाचारः राजकॉप सिटीजन मोबाइल ऐप पर ई-विजिटर सुविधा का शुभारंभ

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राजस्थान पुलिस द्वारा पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनसुविधाजनक बनाने के लिए किए जा रहे तकनीकी नवाचारों की कड़ी में स्टेट क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एससीआरबी) द्वारा राजकॉप सिटीजन मोबाइल ऐप पर ई-विजिटर सुविधा का शुभारंभ किया गया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार शुरू की गई इस सुविधा के माध्यम से अब होटल, धर्मशाला एवं अन्य व्यावसायिक आवासीय प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले आगंतुकों का विवरण मोबाइल फोन से आसानी से दर्ज किया जा सकेगा। छोटे होटल एवं धर्मशालाओं में कंप्यूटर व अन्य संसाधनों की सीमित उपलब्धता के कारण ऑनलाइन विवरण दर्ज करने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए अब यह सुविधा मोबाइल आधारित कर दी गई है। ई-विजिटर सुविधा का उपयोग करने के लिए अधिकृत संचालक, मैनेजर या ऑपरेटर अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से राजकॉप सिटीजन मोबाइल ऐप में लॉग-इन कर सकेंगे। इसके बाद आगंतुक का नाम व मोबाइल नंबर, लिंग, पता, कमरा नंबर, चेक-इन की तारीख, आगमन व गंतव्य स्थान, यात्रा का कारण, पहचान-पत्र का विवरण व उसकी फोटो प्रति तथा प्रस्थान के समय की जानकारी सीधे मोबाइल से ही दर्ज की जा सकेगी। एसपी हेमंत कलाल ने जिले के सभी होटल, धर्मशाला एवं आवासीय प्रतिष्ठानों के संचालकों से ई-विजिटर सुविधा का नियमित उपयोग करने तथा प्रत्येक आगंतुक की सही जानकारी दर्ज करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित डिजिटल रिकॉर्ड अपराध रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## खमनोर पुलिस की बड़ी सफलता : दो दर्जन से अधिक नकबजनी व चोरी की वारदातों का पर्दाफाश



जयवर्द्धन न्यूज़

### शातिर कालबेलिया गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

**खमनोर।** पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही नकबजनी और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए दो दर्जन से अधिक वारदातों का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए शातिर कालबेलिया गैंग के तीन आरोपी चन्दरलाल उर्फ समुन्द्रनाथ उर्फ महेन्द्र देराण (24) पुत्र नारूनाथ जाति नाथ कालबेलिया निवासी उपली ओडन थाना श्रीनाथजी मदिर नाथद्वारा जिला राजसमंद व भेरूलाल उर्फ काकु (21)पुत्र मोहननाथजी जाति नाथ कालबेलिया निवासी उपली ओडन थाना श्रीनाथजी मदिर नाथद्वारा जिला राजसमंद और अजयनाथ उर्फ लाला (24)पुत्र गोवर्धननाथ जाति नाथ कालबेलिया निवासी सुखाडियानगर नाथद्वारा हाल श्रीनाथ कोलोनी थाना श्रीनाथजी मदिर नाथद्वारा जिला राजसमन्द गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शिशोदा निवासी परिवादी गिर्राज प्रसाद गुप्ता तथा मड़का निवासी तारा कंवर द्वारा सूने मकानों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी होने की दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर गहन अनुसंधान शुरू किया गया था। पुलिस महानिरीक्षक (उदयपुर रेंज) व एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन एएसपी महेंद्र पारीक व वृत्ताधिकारी नाथद्वारा शिप्रा राजावत के सुपरविजन में थानाधिकारी नरेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों ने घटनास्थलों से लेकर संभावित रास्तों, टोल प्लाजा व होटलों के 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

### आरोपियों ने मोबाइल बंद कर ठिकाने बदले

वारदात के बाद आरोपी राजस्थान के उदयपुर, सिरोही, पाली, जोधपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश तक भागते रहे। आरोपियों ने मोबाइल बंद कर ठिकाने बदले, लेकिन पुलिस की फील्ड इंटेलिजेंस और तकनीकी विश्लेषण के आगे उनकी एक न चली। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बेहद शातिर हैं और पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। वे दिन के समय सुनसान रास्तों से होकर गुजरते हुए सूने मकानों की रेकी करते थे और रात के समय ताले तोड़कर चोरी करते थे। गैंग ने शिशोदा, मड़का, गांवगुड़ा, फतेहपुर, सुथारिया, कुठंवा, कोशीवाड़ा, उसरवास, नाथद्वारा कस्बे के विभिन्न मोहल्लों व मंदिरों के पास बने दो दर्जन से अधिक सूने मकानों को निशाना बनाना स्वीकार किया है। इस सफल कार्रवाई में थानाधिकारी नरेंद्र सिंह भाटी, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल हरिनारायण, उदयसिंह, भंवरसिंह, कमलेन्द्रसिंह तथा कांस्टेबल अर्जुनलाल, गोविंद सिंह, हुकमसिंह, रोहिताश्व, भंवरसिंह, महेंद्रसिंह, प्रदीप, राधामोहन, मेघराज, कमलेश, बलदेव, लोकेश एवं साइबर सैल राजसमंद की सराहनीय भूमिका रही।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर एक दर्जन से अधिक भाजपा प्रत्याशियों के कार्यालय का उद्घाटन

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर परिषद् चुनाव 2026 को लेकर भाजपा ने चुनावी तैयारियों को गति दे दी है। इसी क्रम में राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शहर के विभिन्न वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रमों में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद किया। विधायक के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में जिले की जनता भाजपा के विकास, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ खड़ी है। प्रत्येक वार्ड में कार्यकर्ताओं का उत्साह, मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी और आमजन का विश्वास यह स्पष्ट कर रहा है कि राजसमंद में एक बार फिर विकास एवं जनसेवा की विचारधारा को मजबूती मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन केवल चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि निरंतर जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान और शहर के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता है। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना तथा नगर में बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना भाजपा की प्राथमिकता है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, अशोक रांका, पूर्व प्रधान अरविंदसिंह राठौड़, नगर अध्यक्ष दिनेश कुमावत, दिग्विजयसिंह भाटी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।



### इन वार्डों में हुआ चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन

विधायक ने नगर परिषद् क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इनमें वार्ड नं 15 एवं 17 स्वास्तिक सिनेमा के पास, कांकरोली वार्ड नं 27 मुखर्जी चौराहा, सूरजपोल के बाहर, कांकरोली वार्ड नं 34 बाबा रामदेवजी मंदिर, जल चक्की कांकरोली, वार्ड नं 7 आरके हॉस्पिटल रोड सालमपुरा, वार्ड नं 11 एवं 12 मेन चौराहा आजाद चौक हाउसिंग बोर्ड धोइंदा, वार्ड नं 4 कॉलेज मगरी हाईवे के पास राजसमंद, वार्ड नं 33 एमपीएस के सामने मीरा नगर कांकरोली, वार्ड नं 36 सौ फीट रोड रैगर मोहल्ला राजनगर, वार्ड नं 5 राजेश्वर महादेव मंदिर के पास राजनगर तथा वार्ड नं 18 शांति कॉलोनी कांकरोली के चुनाव कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम शामिल रहे। इन कार्यक्रमों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने विधायक का स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए स्थानीय समस्याओं, आवश्यकताओं और विकास संबंधी अपेक्षाओं पर चर्चा हुई।

### विकास और सुशासन के नाम पर मांगा जनसमर्थन

विधायक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रत्येक वार्ड में घर-घर पहुंचकर भाजपा की नीतियों, केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित एवं विकसित राजसमंद के निर्माण के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्पबद्ध होकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि शहर के सर्वांगीण विकास, बेहतर सड़क एवं सफाई व्यवस्थाए मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, सुगम नागरिक सेवाओं तथा जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नगर परिषद् को विकास का प्रभावी माध्यम बनाया जाएगा। कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए विधायक ने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता और जनता का विश्वास है। विधायक ने कहा कि राजसमंद के विकास और जनहित के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा परिवार पूरी तरह एकजुट है और नगर की सेवा करने का संकल्प लेकर कार्य किया जा रहा है।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

# स्कूली कक्षाओं को चाहिए योग्य शिक्षक

कुछ महीने पहले मुझे ऐसे युवाओं के साथ समय बिताने का अवसर मिला, जो दो वर्षों से देश के अलग-अलग भागों में कम संसाधनों वाले स्कूलों में शिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। ये युवा इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, वकालत, पत्रकारिता और साहित्य के ग्रेजुएट्स हैं और इनमें से किसी का भी लक्ष्य शिक्षक बनना नहीं था। उनका बस एक उद्देश्य था-स्कूल में पढ़ाकर उस भारत से परिचित होना, जो उनके अनुभवों से अलग है। इन ग्रेजुएट्स को साफ दिखाई दे रहा था कि समाज और देश को किन बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है और कहां बदलाव लाना जरूरी है। आखिर इन युवाओं में ऐसा क्या अलग था? मेरा निष्कर्ष है कि पढ़ाना ही नेतृत्व करना है। स्कूल में पढ़ाने का मतलब है अपना सर्वश्रेष्ठ देना।

शिक्षक की जिम्मेदारी सिर्फ छात्रों की पढ़ाई तक ही सीमित नहीं रहती। वे उन्हें समय की पाबंदी, सहानुभूति और ईमानदारी जैसे मूल्य सिखाते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि विद्यार्थी नियम से स्कूल आएं, क्लास की गतिविधियों में हिस्सा लें और विश्वास रखें कि उनके भीतर भी क्षमता है। विद्यार्थी जितना शिक्षकों के शब्दों से सीखते हैं, उतना ही उनके आचरण से। जब शिक्षक विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ बेहतर करने और अच्छा भविष्य रचने की सीख देते हैं, तो उसका प्रभाव आगे चलकर समाज और देश पर पड़ता है। जब शिक्षक किसी ऐसे स्कूल में पढ़ाते हैं, जहां संसाधनों की कमी हो तब ये बातें और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं, क्योंकि यही वह जगह है, जहां भारत की चुनौतियां अपने सबसे स्पष्ट रूप में दिखाई देती हैं।

किसी कम आय वाले इलाके की आठवीं कक्षा की कल्पना कीजिए। शिक्षक को पहले ही हफ्ते पता चल जाता है कि कई बच्चों का पढ़ने का स्तर दूसरी कक्षा का है। स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित, कुपोषण, आर्थिक तंगी से परेशान ये बच्चे क्या ध्यान लगाकर पढ़ पाएंगे? जात-पात, लिंग भेद, पंथ-संप्रदाय, सभी का असर इस पर पड़ता है कि कौन कक्षा में बोलेगा, कौन घर से काम करके ला पाएगा और कौन भविष्य के सपने देखने का साहस करेगा। सेकेंडरी स्कूल तक पहुंचते-पहुंचते बच्चों के सामने मोबाइल स्क्रीन और डिजिटल मीडिया की दुनिया खुल जाती है, जहां अक्सर बड़ों से उन्हें पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। बच्चों के विकास के इन महत्वपूर्ण दिनों में एक शिक्षक की जिम्मेदारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि और अधिक जटिल और बहुआयामी बन जाती है।

कल्पना कीजिए कि एक युवा शिक्षक पूरी तैयारी के साथ कक्षा में पहुंचता है। उसे चंद ही मिनटों में पता चल जाता है कि कई विद्यार्थी पाठ्यक्रम की किताब तक ठीक से पढ़ नहीं पा रहे हैं। तब वह किताब को परे रखकर, परिस्थिति के अनुसार अपना तरीका बदलता है। वह पढ़ाने के सरल तरीके ढूंढ़ता है, कहानियां सुनाता है और उन कहानियों को रोजमर्रा के जीवन से जोड़ता है। पढ़ाने के तरीके में इस तरह के बदलाव करना एक आम बात है। ऐसे अनुभव इस विश्वास को जन्म देते हैं कि गहरी चुनौतियों के बावजूद भारत में अभूतपूर्व सामाजिक सुधार और विकास की संभावना है। जब शिक्षक देखते हैं कि जिस बच्चे से जून में कोई उम्मीद नहीं थी, वह अक्टूबर आते-आते पूरा पाठ सस्वर पढ़ रहा है, तब वे यह बात दिमाग से निकाल देते हैं कि देश कभी बदल नहीं सकता। शिक्षक देख लेते हैं कि जो संभव है, वह साकार भी हो सकता है। नगर निगम स्कूल में दूसरी कक्षा के बच्चों को पढ़ा रहे एक स्नातक ने दो ही वर्षों में विद्यार्थियों में तीन सालों की शैक्षणिक प्रगति दिखाई, स्कूल व्यवस्था को बदला और अपने प्रयास को सफल बनाने के लिए कारपोरेट साझेदारी से समर्थन जुटाया। आज वह एक विश्वस्तरीय कंसल्टिंग फर्म में लीडर हैं। टीच फार इंडिया, भूमि, गांधी फेलोशिप और एजुकेट गर्ल्स जैसी पहलों ने ऐसे युवा स्नातकों का समूह तैयार किया, जो देश की जमीनी सच्चाइयों से परिचित हैं। ये स्नातक अब टेक्नोलाजी, कंसल्टिंग और सामाजिक उद्यम के क्षेत्रों में संस्था निर्माता, विचारक एवं उद्यमियों के रूप में काम कर रहे हैं।

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती 2022 : संशोधित परिणाम से प्रभावित शिक्षकों की वेतन व स्थायीकरण समस्या के समाधान की मांग

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिला कलेक्टर और मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र सौंपकर तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती 2022 के संशोधित परिणाम से प्रभावित शिक्षकों के स्थायीकरण और वेतन नियमन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि जिलाध्यक्ष शंकर माली, जिला संगठन मंत्री सतीश आचार्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुजीत त्रिपाठी और जिला मंत्री हरिओम सिंह चुंडावत द्वारा भेजे गए पत्र में प्रदेश स्तर पर अपनाए जा रहे दोहराव का मुद्दा उठाया गया है। संगठन ने बताया कि एक ही भर्ती से नियुक्त शिक्षकों के वेतन और स्थायीकरण को लेकर विभिन्न जिलों में अलग-अलग मापदंड अपनाए जा रहे हैं। प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, पाली, हनुमानगढ़ सहित अनेक जिलों में प्रभावित शिक्षकों का स्थायीकरण और वेतन नियमन किया जा चुका है, साथ ही महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को भी इसका लाभ मिल चुका है। इसके विपरीत राजसमंद जिले के 88 प्रभावित शिक्षक आज भी इस लाभ से वंचित हैं। संगठन पदाधिकारियों ने उल्लेख किया कि लगभग एक वर्ष पूर्व राजस्थान उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने प्रभावित शिक्षकों के पक्ष में निर्णय दिया था, जिस पर राज्य सरकार द्वारा भी अपील न करने (नो अपील) का निर्णय लिया गया था। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्तर से भी 4 अप्रैल 2025 को इस संबंध में त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर शिक्षकों को राहत नहीं मिल पाई है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिले के सभी 88 प्रभावित शिक्षकों की समस्या का शीघ्र न्यायसंगत समाधान करने की पुरजोर मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि इस समस्या का जल्द निस्तारण नहीं किया गया, तो शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन व धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# तेरापंथ महिला मंडल राजनगर द्वारा भिक्षु बोधिस्थल पर सामूहिक आयंबिल तप का आयोजन

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल राजनगर द्वारा भिक्षु बोधिस्थल में सामूहिक आयंबिल तप अनुष्ठान का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजिका अभिरुचि चपलोत ने मंत्रोच्चार के माध्यम से विधिपूर्वक अनुष्ठान संपन्न करवाया। तप, त्याग, संयम और आत्मशुद्धि को समर्पित इस पावन अवसर पर बहनों और भाइयों ने सहभागिता निभाकर धर्माराधना का लाभ लिया। मंडल की सह मंत्री डोली बड़ोला ने बताया कि आयंबिल तप के माध्यम से साधकों ने रस-त्याग, संयम और निर्जरा की भावना को आत्मसात करते हुए आध्यात्मिक साधना की। सामूहिक आराधना के इस आयोजन ने समाज में धर्म और संयम के प्रति जागरूकता का प्रेरणादायी संदेश दिया। मंडल अध्यक्षा रितु धोका ने सफल आयोजन पर सभी का आभार जताया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने में आशा सोनी, सीमा धोका एवं सीमा बड़ोला का विशेष सहयोग रहा।




राजसमंद। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा भिक्षु बोधिस्थल में आयोजित आयंबिल तप अनुष्ठान के तहत पोस्टर विमोचन करते पदाधिकारी।

# सीबीए स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले की अग्रणी शिक्षण संस्था दी क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, बालकाल, जीवन एवं उनकी विभिन्न लीलाओं से जुड़ी अनेक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे विद्यालय में कृष्णमय वातावरण देखने को मिला और विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्व की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को जीवंत कर दिया। सीबीए के सह निदेशक अभिदेव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं से परिचित कराने के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा एवं उनसे जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों को रोचक एवं सरल तरीके से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जन्म से जुड़े प्रसंगों को ध्यानपूर्वक जाना तथा उनके जीवन की विभिन्न घटनाओं के माध्यम से उनके व्यक्तित्व एवं विचारों को समझने का प्रयास किया। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों में उत्सुकता एवं उत्साह का संचार किया तथा उन्हें धार्मिक कथाओं एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े प्रसंगों को और बेहतर ढंग से समझने के उद्देश्य से द प्रोटेक्टर ऑफ वृंदावन फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, उनकी लीलाओं जैसे- माखन चोरी, कालिया मर्दन, गिरिराज धारण तथा वृंदावन से जुड़े विभिन्न प्रेरणादायी प्रसंगों को रोचक एवं मनोरंजक तरीके से जाना। विद्यार्थियों को इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा एक जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।



# श्रीकृष्ण और जैन धर्म का गहरा संबंध : 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ और श्रीकृष्ण थे चचेरे भाई, भावी तीर्थंकर हैं श्रीकृष्ण - साध्वी महिमा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** महावीर भवन में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी महिमा महाराज सा ने श्रीकृष्ण और जैन धर्म के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ चचेरे भाई थे, क्योंकि श्रीकृष्ण के पिता वसुदेव और नेमिनाथ के पिता समुद्र विजय परस्पर भाई थे। जैन आगमों में वर्णित 63 शलाका पुरुषों में 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ और नौवें अंतिम वासुदेव श्रीकृष्ण शामिल हैं। शलाका पुरुष अत्यंत तेजस्वी, ओजस्वी, सत्यभाषी, गंभीर और सर्वगुण संपन्न होते हैं। जैन पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण भावी तीर्थंकर हैं और कालांतर में वे भगवान महावीर की तरह मोक्ष को प्राप्त करेंगे। धर्म सभा में साध्वी ने बताया कि नेमिनाथ के वैराग्य धारण करने और कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति के बाद श्रीकृष्ण अपने परिजनों और हजारों राजाओं के साथ उनके दर्शन करने पहुंचे थे। नेमिनाथ ने श्रीकृष्ण को जो आशीर्वाद अपनी मयूर पिच्छी से दिया, वह श्रीकृष्ण को इतना प्रिय लगा कि उन्होंने अपने मुकुट में मोर पंख धारण करना शुरू कर दिया। गीता में अहिंसा व समन्वय की प्रधानता और जैन धर्म में अहिंसा का परम स्थान दोनों परंपराओं के आध्यात्मिक जुड़ाव को दर्शाता है। इस दौरान साध्वी हंस ने आगामी पर्युषण महापर्व की जानकारी दी। श्रीसंघ के प्रचार-प्रसार मंत्री भेरूलाल हिंगड़ ने बताया कि 8 से 15 सितंबर तक पर्युषण महापर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा, जबकि 16 सितंबर को खम्मण-खमणा (क्षमावाणी) दिवस आयोजित होगा। पर्व के दौरान तप, त्याग, जीव दया, संयम और उपवास, बेला, तेला, अठाई, मासखमण जैसी विशेष धर्म आराधनाएं की जाएंगी। श्रीसंघ अध्यक्ष कैलाश तलेसरा ने बताया कि धर्म सभा में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मोलेला से आई महिला मंडल की सदस्यों ने गीतिका के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए, जिन्हें संघ पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन सुधीर पगारिया ने किया।



राजसमंद। महावीर भवन में आयोजित धर्म सभा में मोलेला से आई महिला मंडल का स्वागत करते पदाधिकारी।

# साइबर अपराध के खिलाफ राजनगर पुलिस का बड़ा एक्शनः तीन म्यूल खाताधारकों के विरुद्ध कार्रवाई

## - पीड़ित को लौटाए 30 हजार रुपये

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन एवं एएसपी महेंद्र पारीक के सुपरविजन में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना राजनगर ने बड़ी सफलता हासिल की है। साइबर सेल से प्राप्त सूचना व तकनीकी इनपुट के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन म्यूल खाताधारकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की है, साथ ही एक पीड़ित व्यक्ति के साइबर ठगी में फसे 30 हजार रुपये सकुशल पुनः रिफंड करवाए हैं। पुलिस ने बताया कि साइबर सेल से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर म्यूल खाताधारक भेरूलाल पुत्र मदनलाल बेरवा निवासी सुलूस रोड राजनगर हाल जलचक्की कांकरोली को पूछताछ के लिए थाने पर तलब किया गया। जब उसके बैंक खाते की गहनता से जांच की गई तो संदिग्ध लेनदेन सामने आया। पूछताछ में खाताधारक भेरूलाल ने अपना बैंक खाता किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग के लिए देने से इनकार किया, हालांकि उसके खाते में अवैध रूप से आई 30 हजार रुपये की राशि को ट्रेस कर पीड़ित पवन कुमार पुत्र रोशनलाल निवासी गली नंबर 12 वार्ड नंबर 14, भगत सिंह नगर हिसार हरियाणा के खाते में पुनः रिफंड करवा दिया गया।

### दो अन्य म्यूल खाताधारकों पर निरोधात्मक कार्रवाई

प्रकरण में त्वरित कार्रवाई बढ़ाते हुए पुलिस ने दो अन्य म्यूल खाताधारकों को चिन्हित कर उनसे कड़ाई से पूछताछ की। दोनों के खिलाफ निरोधात्मक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है। साथ ही पुलिस द्वारा उन्हें भविष्य में अपने बैंक खाते, पासबुक या बैंकिंग से जुड़ी किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी किसी अनजान या अन्य व्यक्ति को उपलब्ध न करवाने की सख्त हिदायत दी गई है। घटना के बाद राजनगर पुलिस ने आमजन के लिए चेतावनी जारी करते हुए अपील की है कि कोई भी नागरिक अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, यूपीआई आईडी अथवा इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित जानकारी किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग के लिए कदापि न दें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि साइबर अपराधी अक्सर आम लोगों के खातों (म्यूल अकाउंट्स) का इस्तेमाल ठगी की राशि प्राप्त करने और उसे आगे ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। यदि किसी व्यक्ति के बैंक खाते का उपयोग किसी प्रकार की आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि में पाया जाता है, तो संबंधित खाताधारक के विरुद्ध भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वार्ड 12 और 31 में आप प्रत्याशियों के समर्थन में डोर-टू-डोर जनसंपर्क

## - जनता से मिल रहा भरपूर समर्थन

जयवर्द्धन न्यूज

**नाथद्वारा।** नगर पालिका चुनाव 2026 को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड संख्या 12 से प्रत्याशी देवेंद्र गहलोत और वार्ड संख्या 31 से प्रत्याशी पूजा यादव के समर्थन में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर चुनावी अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से सीधा संवाद साधा तथा आम आदमी पार्टी की नीतियों एवं नगर विकास के मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की। पार्टी नेताओं ने कहा कि नाथद्वारा नगर पालिका चुनाव में आम आदमी पार्टी के सभी प्रत्याशियों को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और पार्टी सभी वार्डों में पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। जनसंपर्क के दौरान जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल चंदेल, संगठन महासचिव पप्पूलाल कीर, नाथद्वारा विधानसभा अध्यक्ष धर्मेश चंदेल तथा सुनीता बाई किन्नर सहित कार्यकर्ता मौजूद थे। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि आम आदमी पार्टी का मुख्य लक्ष्य नाथद्वारा में स्वच्छ, पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितकारी नगर व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि चुनाव अभियान के दौरान स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाएगा और उनके स्थायी समाधान के लिए जनता के साथ मिलकर प्रयास किया जाएगा।



नाथद्वारा। नगर पालिका चुनाव को लेकर पोस्टर का विमोचन करते आम आदमी पार्टी सदस्य।

# राजस्थान पुलिस की साइबर एडवाइजरी: हैकिंग व बॉटनेत मालवेयर से बचाव के लिए ई स्केन सीईआरटी इन ऐप इस्तेमाल करने की अपील

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** साइबर अपराधों की रोकथाम और आमजन को ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रखने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में जारी एडवाइजरी के तहत आमजन को साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी गई है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) वीके सिंह ने बताया कि साइबर ठग फिशंग लिंक के माध्यम से मोबाइल, कंप्यूटर व अन्य उपकरणों में बॉटनेत मालवेयर पहुंचा देते हैं। इसके जरिए ठग यूजर की निजी जानकारी, मोबाइल ऐप्स और संवेदनशील बैंकिंग क्रेडेंशियल पर नियंत्रण हासिल कर नेट बैंकिंग यूजरनेम और पासवर्ड जैसी महत्वपूर्ण जानकारी चोरी कर लेते हैं। इससे बचाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए ई स्केन सीईआरटी इन बोट रिमूवल ऐप विकसित किया गया है, जो मोबाइल में छिपे वायरस, स्पाईवेयर, एडवेयर, ट्रोजन और बॉटनेत संक्रमण को पहचानकर हटाने में मदद करता है। एसपी हेमंत कलाल ने बताया कि इस ऐप का उपयोग करने के लिए गूगल प्ले स्टोर से इसे इंस्टॉल कर आवश्यक स्टोरेज अनुमतियां प्रदान करें और एंटीवायरस विकल्प में जाकर फुल स्कैन शुरू करें। जांच के दौरान खतरनाक फाइल या वायरस मिलने पर उसे हटाएं या अलग रखें और प्रक्रिया पूरी होने के बाद मोबाइल रीस्टार्ट करें। सुरक्षा के लिहाज से व्हाट्सएप सेटिंग्स में टू-स्टेप वेरिफिकेशन हमेशा ऑन रखें, केवल आधिकारिक स्रोतों से ही ऐप्स डाउनलोड करें और संदिग्ध वेबसाइटों से एपीके फाइलें इंस्टॉल न करें। ऐप इंस्टॉल करते समय केवल जरूरी अनुमतियां दें और मोबाइल में ई स्केन सीईआरटी इन ऐप या एम कवच 2 जैसा विश्वसनीय एंटीवायरस सक्रिय रखें। साथ ही अपने ऑपरेटिंग सिस्टम व ऐप्स को नियमित अपडेट करें और बैंक लेनदेन के संदेशों पर नजर रखें। यदि किसी प्रकार की साइबर ठगी का प्रयास या घटना होती है, तो बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या हेल्पडेस्क नंबर पर संपर्क करें। इसके अलावा नजदीकी थाने में या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।

# निकाय चुनाव से पहले भीम पुलिस ने 55 लाख रुपये की अवैध चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद/भीम।** नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनावों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशानुसार, एएसपी महेंद्र पारीक एवं वृत्ताधिकारी भीम राकेश कुमार के निर्देशन में थानाधिकारी दिलीप खदाव के नेतृत्व में भीम थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 55 लाख रुपये मूल्य की 490 कार्टन अवैध चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से एक कंटेनर ट्रक, दो पिकअप, एक स्विफ्ट डिजायर कार और रिफाइंड तेल के 275 कार्टन जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

रिफाइंड तेल की आड़ में लाई गई थी शराब, जंगलों में भागे तस्कर

थानाधिकारी दिलीप खदाव ने बताया कि 4 सितंबर को गश्त के दौरान हामेला की वैर-ताड़गढ़ रोड पर ढंढाला गांव जाने वाले लिंक रोड स्थित एक बाड़े में बड़े पैमाने पर अवैध शराब के परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना पर उप निरीक्षक भैरूलाल मय टीम मौके पर पहुंचे तो वहां खड़े कंटेनर ट्रक से शराब के कार्टन उतारकर पिकअप और कार में भरे जा रहे थे। पुलिस को देखते ही तस्कर वाहनों और सामान को छोड़कर जंगलों की तरफ भाग निकले।

### मौके से कार में बैठा आरोपी गिरफ्तार, 5 हजार 888 बोतलें बरामद

पुलिस ने मौके पर कार में बैठे आरोपी सुखदेव सिंह पुत्र गिरधारी रावत निवासी फतेहपुरिया दोयम थाना साकेत नगर जिला ब्यावर को हिरासत में लिया। कार, कंटेनर ट्रक, पिकअप और एक बिना नंबरी बोलेरो मैक्स पिकअप की तलाशी लेने पर कुल 490 कार्टन में रखी 5 हजार 888 बोतलें अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इसके अलावा बाड़े से सफोला गोल्ड रिफाइंड तेल के 275 कार्टन (प्रत्येक में 5 लीटर की 4 जरीकेन) भी पाए गए।



राजसमंद। भीम थाना क्षेत्र में अवैध चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब जब्त करते पुलिस।

### आगामी चुनावों में बांटी जानी थी शराब

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी सुखदेव सिंह ने खुलासा किया कि संतोष कुमार सालवी निवासी कालागुन थाना देवगढ़ अपने साथी के साथ रिफाइंड तेल के डिब्बों की आड़ में कंटेनर में छुपाकर यह अवैध शराब लाया था। इसे अलग-अलग वाहनों में भरकर आगामी नगर निकाय व पंचायती राज चुनावों में बांटने की योजना थी। शराब के कोई वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सुखदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### फरार तस्करों की तलाश जारी

भीम पुलिस फरार आरोपी संतोष कुमार व उसके साथियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी सहित उप निरीक्षक भैरूलाल, सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार व माधुसिंह, हेड कांस्टेबल रामसहाय व अनिल कुमार तथा कांस्टेबल ओमा राम, अंतराम, शौकत, संदीप, नरेंद्र, जितेंद्रपाल और राजू राम की विशेष भूमिका रही।

# क्रिटिकल मतदान केंद्रों का संयुक्त मौका निरीक्षण

## - सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** नगरीय निकाय चुनाव-2026 के मद्देनजर नगर परिषद राजसमंद क्षेत्र के क्रिटिकल मतदान केंद्रों का शुक्रवार को एसडीएम राजसमंद ओम प्रभा के नेतृत्व में संयुक्त मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक राजसमंद नेत्रपाल सिंह एवं तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह की कितावत मौजूद थे। अधिकारियों ने क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मतदान प्रक्रिया



के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्रों तक पहुंच, परिसर की स्थिति, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण बिंदुओं का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। संयुक्त निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से विशेष सतर्कता बरतने तथा मतदान दिवस पर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया। एसडीएम ओम प्रभा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहे तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जाएं।

## संक्षिप्त खबरें

# राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता में नन्हे कलाकारों ने मोहा मन



राजसमंद। आजाद पब्लिक स्कूल में आयोजित राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता के तहत प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

जयवर्द्धन न्यूज

राजसमंद। जिला मुख्यालय समीपवर्ती मोही कस्बे के आजाद पब्लिक स्कूल में राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी संतोष शक्तावत ने बताया कि संस्था प्रधान बीएल कीर के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में निकिता रेगर एवं भरत तेली ने भगवान कृष्ण पर आधारित भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ईशा बानो, जीवन तेली एवं वीरेंद्र की प्रस्तुति दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में रुद्रांश भाटी एवं अनन्या कीर ने भी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। इस दौरान मनीषा भाटी एवं चिराग कीर सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालयों की कक्षा 9 एवं 11 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

## - सत्र 2027-28 के लिए रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** जवाहर नवोदय विद्यालयों में सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 9 एवं 11 में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालयों की कक्षा 9 एवं 11 में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली पार्श्व प्रवेश चयन परीक्षा-2027 के लिए आवेदन पंजीकरण पोर्टल प्रारंभ किया गया है। पात्र विद्यार्थी संबंधित कक्षा के लिए निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी सावधानी पूर्वक दर्ज करने तथा निर्धारित दस्तावेजों एवं विवरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने से पूर्व विद्यार्थी पात्रता संबंधी शर्तों तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों का अवलोकन कर लें। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय पर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा आवेदन के दौरान दर्ज की गई जानकारी का पुनः परीक्षण कर आवेदन जमा करें।

# साकेत साहित्य संस्थान की बैठक संपन्न, स्थापना दिवस को लेकर हुई चर्चा



जयवर्द्धन न्यूज

राजसमंद। शहर के महाराणा प्रताप उद्यान में साकेत साहित्य संस्थान की कोर कमेटी की बैठक अध्यक्ष वीणा वैष्णव की अध्यक्षता में हुई। जिला मीडिया प्रभारी अन्नू राठौड़ ने बताया कि बैठक में संस्थान की आगामी साहित्यिक गतिविधियों और सृजनात्मक योजनाओं पर विस्तार से सार्थक चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से छगनलाल प्रजापत को संस्थान कोषाध्यक्ष चुना गया। संस्थान की आगामी पुस्तक मेरा गांव मेरा गौरव को लेकर सम्पतलाल रेगर ने जानकारी दी कि इसे 15 सितंबर तक पूर्ण कर 21 सितंबर को होने वाले 25वें स्थापना दिवस समारोह में विमोचित किया जाएगा। चन्द्रशेखर नारलाई ने मासिक साहित्यिक गोष्ठी की समीक्षा प्रस्तुत की और 21 सितंबर को होने वाली विशेष गोष्ठी की रूपरेखा रखी। साहित्य प्रमुख कुसुम अग्रवाल ने संस्थान के व्हाट्सएप ग्रुप में मर्यादा बनाए रखने और विवादास्पद, आपत्तिजनक संदेशों पर नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया। सहसचिव कुमार दिनेश ने 27 सितंबर पर्यटन दिवस पर प्रस्तावित वन भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उपाध्यक्ष नारायणसिंह राव व सभा अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली ने अपने विचार रखे और एकजुट रहकर कार्य करने का संदेश दिया। अध्यक्ष वैष्णव ने सभी सदस्यों से संगठन को जोड़कर रखने, सक्रिय साहित्यिक माहौल निर्मित करने और स्थापना दिवस समारोह को यादगार बनाने की अपील की और आभार व्यक्त किया। बैठक में राधेश्याम राणा सहित कमेटी सदस्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ खो-खो प्रीमियर लीग : उदयपुर संभाग की पुरुष टीम का चयन कल सेंट पॉल स्कूल में

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** मारवाड़ खो-खो प्रीमियर लीग पुरुष वर्ग के लिए उदयपुर संभाग स्तरीय टीम का चयन रविवार सुबह 9 बजे राजसमंद स्थित सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय खो-खो प्रशिक्षक महेंद्र कुमार दूरिया ने बताया कि टीम चयन की प्रक्रिया सोहनलाल पुर्बिया, हेमंत नाथ चौहान तथा बीएल कीर के सहयोग व उनके नेतृत्व में संपन्न होगी। चयन प्रक्रिया के दौरान उदयपुर संभाग भर से आए खिलाड़ियों की प्रतिभा, प्रदर्शन और खेल कौशल के आधार पर अंतिम टीम का गठन किया जाएगा।

चयनित पुरुष टीम आगामी मारवाड़ खो-खो प्रीमियर लीग में उदयपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी चुनौती पेश करेगी। आयोजकों ने संभाग के सभी इच्छुक और प्रतिभावान खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर चयन स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प : शिक्षक संघ (अंबेडकर) द्वारा में आज होगा वृक्षारोपण

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान के तहत शनिवार को एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) जिला शाखा के तत्वावधान में जिले भर के विद्यालयों में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा। संगठन के जिला महामंत्री रघुवीर रांगेरा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान और प्रदेश महामंत्री भेरूलाल खींची व जिला महामंत्री शैलेश कणिक के मार्गदर्शन में इस महा अभियान को सफल बनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रमुख ब्लॉक देवगढ़, भीम, आमेट, नाथद्वारा, रेलमगरा, खमनोर और देलवाड़ा-के ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में संबंधित विद्यालयों में पौधे रोपे जाएंगे। जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल करोतिया ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा संचालित इस महत्वपूर्ण महा अभियान में संगठन पूरी सक्रियता और पूर्ण सहयोग के साथ अपनी भागीदारी निभा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज हमेशा से ही सकारात्मक बदलाव और पर्यावरण की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए तत्पर रहा है, और यह अभियान भावी पीढ़ी को एक स्वच्छ व हरित पर्यावरण देने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

### भाजपा की बड़ी चूक से कांग्रेस प्रत्याशी की लॉटरी खुली, यास्मीन बेगम हुई निर्विरोध



जयवर्द्धन न्यूज़

**दौसा।** दौसा नगर परिषद के वार्ड 26 में कांग्रेस प्रत्याशी यास्मीन बेगम निर्विरोध हो गई है। यानि की अब उनका किसी से भी मुकाबला नहीं है। भाजपा की एक चूक के बाद यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई है। यानि चुनाव से पहले ही कांग्रेस का खाता खुल गया है। पर जीत की घोषणा चुनाव परिणाम आने के बाद आयोग करेगा। दौसा नगर परिषद के वार्ड 26 से भाजपा ने जिसे टिकट दिया था, उसने नामांकन ही जमा नहीं करवाया, वहीं निर्दलीय मोहम्मद आरिफ, इनायत व जरीफा बेगम ने नाम वापस ले लिया। ऐसे में अब कांग्रेस की यास्मीन का ही नामांकन शेष रह जाने से वह निर्विरोध हो गई हैं। इस जानकारी के बाद यास्मीन बेगम व उनके समर्थक ने खुशियां मनाई और मिठाइयां बांटी।

#### दौसा नगर परिषद - 55 वाडों में अब 246 प्रत्याशी मैदान में

दौसा में नगर परिषद के 55 वाडों में अब 246 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। इनमें गुरुवार को 61 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए। इसके चलते कई वार्ड में रोचक मुकाबले होंगे। चुनाव प्रचार को लेकर प्रत्याशियों ने जनसम्पर्क तेज कर दिया है। वे सुबह से देर रात तक मतदाताओं से लुभावने वादे कर उन्हें अपने पक्ष करने में जुटे हैं।


#### 14 सितम्बर को होगी मतगणना

दौसा शहर के कई जगहों पर प्रत्याशियों ने कार्यालय भी खोल लिए हैं। जहां समर्थकों की भीड़ नजर आती है। हर जगह चुनावी चर्चा का शोर सुनाई देने लगा है। चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन भी सतर्क हो गया है। कई जगह वाहनों की जांच के बाद ही शहरों में प्रवेश दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि जिले में दो चरणों में होने वाले चुनावों के लिए 9 व 11 सितम्बर को मतदान होगा। इसके बाद 14 सितम्बर को मतगणना की जाएगी।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... जयकारों से गुंजे द्वारिकाधीश व श्रीनाथजी मंदिर

- तोप व बंदूकों की गुंज से किया कन्हैया के जन्म का स्वागत
- थाली-मादल, नगाड़े और शंख की ध्वनि से गुंजायमान हुआ
- आज होगा नंद महात्सव पर दुध-दही का छीड़काव
- प्रभु के जन्म पर श्रीद्वारकाधीश मंदिर में दी 21 बंदूकों की सलामी





राजसमंद। जन्माष्टमी को लेकर रंग बिरंगी रोशनी से नहाया श्रीपुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास श्रीद्वारकाधीश मंदिर एवं दर्शन के लिए पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़।

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर श्रीनाथजी व द्वारिकाधीश मंदिर में श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ पड़ी है। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव शुक्रवार अर्द्ध रात्री को श्रद्धा, परंपरा व उल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर कांकरोली स्थितश्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के श्री द्वारकाधीश मंदिर में बंदूकों व नाथद्वारा के श्रीनाथजी मंदिर में 21 तोपों की सलामी के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। पुष्टिसंप्रदाय की तृतीय पीठ श्री द्वारकाधीश प्रभु मन्दिर के चारों ओर आकर्षक विद्युत रोशनी व विभिन्न आकृतियों एवं लड़ियों से सजाया गया है। मंदिर प्रशासन द्वारा दर्शनार्थ आने वाले दर्शनार्थियों के लिए भी विशेष सुविधा की गई थी। प्रभु के समक्ष तृतीय पीठ के पीठाधीश गोस्वामी डॉ वागीश कुमार, सिंद्धांत कुमार एवं वैदांत कुमार ने सेवा धराई। श्रीपुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के प्रसिद्ध श्रीद्वारकाधीश मंदिर में पीठाधीश्वर गोस्वामी डॉ वागीश कुमार महाराज, युवराज वेदांत कुमार तथा गोस्वामी सिद्धांत कुमार महाराज प्रभु की सेवा में मौजूद थे। पीठाधीश्वर डॉ वागीश कुमार महाराज के गादीपति के रूप में 3 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर मंदिर में विशेष उत्साह देखने को मिला। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सुबह 5 बजे मंगला के दर्शन के पश्चात सुबह 5:30 बजे प्रभु के अलोकिक पंचामृत दर्शन हुए। महाराज एवं युवराज वेदांत कुमार ने प्रभु श्रीद्वारकाधीश जी तथा शालिग्राम जी को दूध, दही, शक्कर, शहद व जल से पंचामृत स्नान कराया। इस दौरान शंख, थाली-मादल और घंटियों की मधुर ध्वनि से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रृंगार दर्शन में प्रभु को श्वेत बड़ी कुल्हे, तेरह चंद्रिका का सादा जोड़, केसरी चाकदार वाघा, अतलस की लाल सूथन, हरे ठाड़े वस्त्र, हीरा-पन्ना-माणक के आभूषण तथा चरणारविंद की माला धारण कराई गई। पंडित बिंदुलाल शर्मा और पंडित केशव सांचीहर ने भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव की पत्रिका पढ़कर सुनाई। राजभोग दर्शन के समय रामदेवरा जाने वाले यात्रियों और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान अष्टछाप कवियों के पदों का सुमधुर गायन किया गया तथा महाराज ने राजभोग व शयन की आरती उतारी। मध्यरात्रि 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। नगाड़खाने में नगाड़े बजने लगे और मंदिर की छत पर तैनात सिपाही जवानों द्वारा हवा में 21 बंदूकों की गोलियां दागकर प्रभु द्वारकाधीश को भव्य सलामी दी गई। जन्म के उपरांत शालिग्राम जी को पुनः पंचामृत व चंदन स्नान कराकर श्री द्वारकाधीश जी की गोद में पधराया गया, तत्पश्चात महाभोग धराया गया तथा छठी का पूजन संपन्न हुआ।

#### रात्रि 9 बजे खुले रात्रि जागरण के दर्शन

राजभोग के दर्शन में द्वारकेश गार्ड व द्वारकेश बैंड विठ्ठल विलास बाग से परेड करते हुए द्वारकाधीश मंदिर पहुंचे जहां प्रभु के सम्मान में सलामी दी गई। यह सलामी गोवर्धन पूजा चौक में जवानों ने पीठाधीश गोस्वामी डॉ वागीश कुमार व गोस्वामी वैंदात कुमार ने ली। प्रभु की नित्य सेवा के बाद रात्रि करीब 9 बजे जागरण के दर्शन खुलें जो 11:30 बजे तक चलते रहे। 12 बजे प्रभु के जन्म की घोषणा के साथ ही मंदिर परिसर में शंख, घंटा व घडियाल की ध्वनि से गुंजायमन होने लगी। ठीक 12 बजे जैसे ही जन्म के दर्शन खुले द्वारकेश मंदिर के सुरक्षा गार्ड द्वारा 21 बंदूकों की सलामी के साथ कन्हैया के जन्म का स्वागत किया। इस दौरान भक्तजन नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... के जयकारे लगाने लगे। यहां प्रभु के छोटे स्वरूप शालिग्राम जी का पंचामृत स्नान हुआ जन्माष्टमी के मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम आम प्रभा, एएसपी महेन्द्र पारीक, डीएसपी नेत्रपालसिंह, तहसीलदार पुष्पेन्द्रसिंह, कांकरोली सीआई सरोज बैरवा, राजनगर ओंकार सिंहसहित करीब पोने दौसों से अधिक पुलिस के जवानों व प्रशासन का पूरा जाब्ता मंदिर और मंदिर मार्ग में तैनात रहा। ठाकुरजी के जन्म के दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु द्वारिकाधीश मंदिर पहुंचे।

**नंदमहोत्सव के दर्शन समय :**

| | |
|---|---|
| मंगला | : अनिश्चित |
| श्रृंगार | : अनिश्चित |
| नंद महोत्सव (पलना) के दर्शन | : प्रात : 10:30 बजे से |
| ग्वाल बालों के साथ दही दुध का छिड़काव | : दोपहर 2:30 से 3 बजे तक |
| राजभोग | : 4:30 से 5 तक |
| उत्थापन | : नहीं खुलेंगे |
| भोग और आरती | : सायं 5:30 बजे |
| शयन | : रात्रि 8:30 बजे |

नोट : सेवा पूजा मन्दिर की परम्परा के अनुसार होने के कारण उक्त दर्शनो में परिवर्तन भी किया जा सकता है।

#### उपवास के साथ किए विविध अनुष्ठान

जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखे तथा मंदिरों व घरों में झांकी सजाकर विविध अनुष्ठान किए गए। साथ ही भजन संध्या का अयोजन भी किया गया। मंदिरों व घरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने को काफी उत्सुकता दिखाई दी।

#### नन्दोत्सव पर नाच-गान आज, खेलेंगे दही-दूध की होली

भाद्रपद कृष्ण नवमी शनिवार को नंद महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें श्रद्धालु खूब नाचेंगे व गाएंगे तथा दही-दूध ही होली खेली जाएगी। सुबह 10:40 बजे ग्वाल दर्शन में प्रभु सोने के पालने में बिराजेंगे। गोस्वामी परिवार से सदस्य यशोदा मैया तथा मंदिर के मुखिया नंदबाबा का स्वरूप धारण करेंगे और इस दौरान दही, दूध, हल्दी मिश्रित माखन का प्रसाद लुटाया जाएगा।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र : 48.50 किलो अवैध डोडा चूरा और कार के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले में अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। थाना राजनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 48.50 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त हुंडई आई20 कार को भी कब्जे में ले लिया है। उदयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन तथा एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक व वृत्ताधिकारी नेत्रपाल सिंह के मार्गदर्शन में थाना राजनगर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई अंजाम दी गई। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस को सेवाली कट पर एक संदिग्ध आई20 कार के होने की सूचना मिली। सूचना पर थानाधिकारी राजनगर मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और कार चालक से पूछताछ की। चालक की पहचान सुनील पुत्र आशुराम बिश्नोई के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।



#### डिक्की से बरामद हुए तीन कट्टे, 48.50 किलो डोडा चूरा जब्त

वाहन में संदिग्ध सामग्री होने की आशंका पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में कार की तलाशी ली गई। कार की डिक्की से काले रंग के तीन कट्टे बरामद किए गए, जिनमें अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा भरा हुआ था। वजन कराने पर कुल 48.50 किलोग्राम डोडा चूरा पाया गया।

#### आरोपी के खिलाफ पहले से दर्ज हैं 26 मामले

पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सुनील बिश्नोई एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के कुल 26 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना राजनगर पर मामला दर्ज किया है। मामले का अग्रिम अनुसंधान कुंवारिया थानाधिकारी पूरण सिंह राजपुरोहित को सौंपा गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी ओंकार सिंह, हेड कांस्टेबल पर्वत सिंह, कांस्टेबल अशोक, मांगीलाल, भगवतीलाल, भगवानाराम और चालक कन्हैया लाल की मुख्य भूमिका रही। इसके अलावा जिला स्पेशल टीम प्रभारी उप निरीक्षक केसाराम, हेड कांस्टेबल अरविंद, कर्णसिंह, विजयसिंह, रामकरण तथा कांस्टेबल इंद्रचंद, रमेश, धारासिंह, ओमप्रकाश व हंसराज ने भी सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।